एक नजर में

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला का आयोजन दीनदयाल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्ष और आदर्शों से परिपूर्ण रहा। उन्होंने च्एकात्म मानववादज्ञ का दर्शन देकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा दिखाई। श्री गुर्जर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना समय की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पं. दीनदयाल जी का जीवन सादगी, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक था, जिसे आत्मसात कर संगठन को सशक्त बनाना होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यशाला के पश्चात गांधी चौराहा पर स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जहां जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर च्वोकल फॉर लोकलज्ज का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कैलाश चावला, विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय संगीत महाविद्यालय में दो दिवसीय संगीत कार्यशाला

मंदसौर/नाहरगढ़। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर में च्संगीत में स्वर संधानज्ञ विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर अदिति गर्ग एवं आमंत्रित प्रशिक्षक पं. सुधाकर देवले द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रारंभ में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि संगीत महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे नए प्रयोग सराहनीय हैं। सेवा पर्व पखवाड़ा में आयोजित यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। ख्यात शास्त्रीय गायक पं. सुधाकर देवले ने संगीत में स्वर संधान पर प्रकाश डालते हुए शास्त्रीय गायन की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यशाला में दो श्रेणियां रखी गईं—ग्रुप 'अ' (बंदिश) और ग्रुप 'ब' (अलंकार)। द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों को राग वृंदावनी सारंग में छोटा ख्याल च्मोरी गुईया नजरिया लागीज्ज बंदिश तथा राग भूपाली में तराना सिखाया गया। साथ ही सुरों की सुंदरता बढ़ाने के विविध अभ्यास भी कराए गए। इस अवसर पर पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, कमलेन्दु गंधर्व, निशांत शर्मा, दीपक कुमार राव, अतुल कुमार, सन्नाली शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

यशोधर्मन संग्रहालय मंदसौर में शक्ति स्पंदन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

मन्दसौर। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्य प्रदेश शासन भोपाल के तत्वावधान में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को यशोधर्मन संग्रहालय मंदसौर में शक्ति स्पंदन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतिभागियों ने शक्ति को आधुनिक भारत की अवधारणा से जोड़ते हुए अपने कला कौशल से कागज पर रंग बिखेर दिए।

प्रतियोगिता छठी से आठवीं तक एवं नवी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पृथक पृथक आयोजित की गई । जिसमें जूनियर समूह में प्रथम अवनी सिसोदिया सरस्वती वि. मं., अन्य अहिरवार एमएलबी अनन्या एमएलबी हां.से. स्कूल द्वितीय व पूजवी जैन सरस्वती विद्यालय तृतीय रही। सीनियर समूह में श्री आशीष पाटीदार प्रथम, चंद्रपाल सिंह द्वितीय व अर्चना अहिरवार तृतीय सभी उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर , सांत्वना पुरस्कार सिया अपना घर तथा अभिषेक सुतार मावि चंन्द्रपुरा को प्रदान किया गया।

विजेताओं को महेश त्रिवेदी एमएलबी ,ज्योति चौहान चन्द्र पुरा ,संतोष द्विवेदी क.बालागंज द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। समस्त प्रतियोगियों को स्वल्पाहार भी वितरण किया गया। प्रतियोगिता के संचालक व निर्देशक कार्यालय प्रमुख श्री आशुतोष महाशब्दे द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा इस प्रकार के और आयोजन भविष्य में भी किए जाएंगे तथा छात्राओं व शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की गई कि वह स्वयं एवं अपने संबंधितों को भी संग्रहालय भ्रमण के लिए लावे और यहां प्रदर्शित अपने गौरवशाली इतिहास की धरोहरों से रूबरू हो ।

गरोठ में नवरात्रि पर कालिका व शिव शक्ति अघोरी नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

गरोठ। नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन बुधवार रात्रि को शहीद चौक, पुराने बस स्टैंड पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत कालिका नृत्य और शिव शक्ति अघोरी नृत्य ने हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन पोरवाल नवयुवक मंडल एवं गरोठ युवा मंच के तत्वावधान में अंजली इवेंट्स इंदौर एवं नाइस नाइट इवेंट्स द्वारा किया गया। राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति के साथ शिव शक्ति अघोरी और कालिका नृत्य इतना आकर्षक रहा कि दर्शक लगातार तालियों की गड़गड़ाहट और मोबाइल कैमरों में वीडियो रिकॉर्डिंग करते नजर आए। कलाकार विजय परिहार (जूनियर गुत्थी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई फिल्मी कलाकारों की मिमिक्री और गुत्थी का हास्य अभिनय कर माहौल को जीवंत कर दिया।रात्रि 8 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया, आयोजन संयोजक जगदीश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गोकुलसिंह चौहान, सुरेश पालीवाल व दिनेश धनोतिया सहित समिति पदाधिकारियों से आरती से हुआ।

गौमांस को करमुक्त घोषित करने पर विहिप व बजरंग दल ने दर्ज कराई आपत्ति

मन्दसौर। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला मंदसौर (मालवा प्रांत) द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सुशासन भवन पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाल ही में जारी अधिसूचना द्वारा गौमांस को करमुक्त घोषित करने संबंधी आपत्ति दर्ज कराई तथा इस घोषणा को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा हाल ही में गौमांस (कॉउ मीट) को करमुक्त घोषित करने की अधिसूचना 18 सितंबर 2025 सीरियल क्रमांक 7 अध्याय उपशीर्षक टैरिफ शीर्षक मद 0201 गोवंशीय पशुओं का मांस ताजा, ठंडा टैक्स फ्री जारी की गई है। यह निर्णय न केवल मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के विपरीत है, बल्कि समाज में गहरी असंतोष एवं अशांति फैलाने वाला भी है।

गौ मांस पर करमुक्ति देना, वस्तुत: गौहत्या को प्रोत्साहन देने जैसा है। एक और राज्य सरकार 'गौ संरक्षण वर्ष' मना रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार का आदेश शासन की अपनी ही नीतियों एवं हिन्दू समाज की आस्थाओं का विरोधाभास प्रदर्शित करता है। यह कदम जनभावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाने वाला है ।ज्ञापन में मांग की कि हाल ही में राजपत्र में प्रकाशित गौमांस करमुक्ति संबंधी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। मध्यप्रदेश गौ संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गौमांस एवं उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। छोटे जिलों एवं तहसीलों में चल रहे अवैध कसाइखाने, जो गौवध कर बड़े शहरों में मांस सप्लाई करते हैं, उन पर कठोर कार्यवाही की जाए। छोटे जिलों एवं तहसीलों में चल रहे अवैध कसाइखाने, जो गौवध कर बड़े शहरों में मांस सप्लाई करते हैं, उन पर कठोर कार्यवाही की जाए। । विभिन्न मांस बाजारों में उपलब्ध मांस का रैंडम सैंपल परीक्षण कर गौमांस की मिलावट विक्रय पर रोक लगाई जाए। गोमांस को खाद्य सामग्री की श्रेणी से मुक्त रखा जाए यह हिंदू समाज की आस्था है। गौमूत्र एवं गोबर से बने उत्पाद (जैसे दीपक, अगरबत्ती, जैविक खाद आदि) को करमुक्त कर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाए। किसी भी कसाईखाने व परिवहन के दौरान यदि गौमांस पाया जाता है तो उसकी जांच उच्च-स्तरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा की जाए तथा अपराध को अत्यधिक गंभीरता से लिया जाए। इस संवेदनशील विषय पर शीघ्रातिशीघ्र उचित निर्णय लेकर गौमाता की रक्षा का दायित्व निभाएँ।

ज्ञापन का वाचन विहिप जिला गौरक्षा प्रमुख अमरदीप कुमावत ने किया। इस अवसर पर भगवानदास ज्ञानानी, लक्की बड़ोलिया, डॉ. प्रवीण मण्डलोई, हेमंत बुलचंदानी, विहिप जिला गौरक्षा प्रमुख अमरदीप कुमावत, अनिल धनगर, विनोद जाट, नवनीत पारिख, प्रतीक व्यास, गौरव सिंह, लक्की गोसर, गौरव शर्मा, शंकर शर्मा, राजेश शर्मा, गोपाल कुमावत, प्रकाश कुमावत, राजेश कुमावत, देवेन्द्र कुमावत, ईश्वर सज्जनवार, मदन माली, विनोद प्रजापत, अजय सांवरिया, हरिश राव, राकेश विश्वकर्ता सहित बड़ी संख्या में विहिप बजरंग के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वन अधिकार पट्टों की माँग, रामपुरिया ग्राम वासियों ने सौंपा ज्ञापन

नीमच। ग्राम रामपुरिया,ग्राम पंचायत कोज्या,तहसील सिंगोली के

ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर वन परिक्षेत्र 215 की खाली पड़ी भूमि पर वन अधिकार कानून के तहत कृषि हेतु पट्टे देने की माँग की। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पास आजीविका चलाने के लिए कोई निजी जमीन नहीं है और वे बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 30-35 वर्ष पूर्व वे इस भूमि पर खेती करते थे, लेकिन संसाधनों के अभाव में उन्हें खेती छोड़नी पड़ी। वर्तमान में वे पुन: खेती करना चाहते हैं, किंतु वन विभाग के अधिकारी उन्हें रोक रहे हैं और कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में जब वन अधिकार पट्टों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, तो जानकारी के अभाव में वे आवेदन नहीं कर पाए। अब पुन: आवेदन प्रक्रिया शुरू कर उन्हें भूमि आवंटित की जाए ।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि खेती-बाड़ी और रहने के लिए उनके पास कोई जमीन नहीं है। मजदूरी और अन्य काम न मिलने से पूरा गाँव बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में यदि उन्हें भूमि आवंटन नहीं मिला तो उनके जीवनयापन का संकट और गहरा जाएगा ।ग्रामीणों ने कलेक्टर से माँग की है कि वन परिक्षेत्र 215 की खाली भूमि पर उन्हें वन अधिकार कानून के तहत पट्टे प्रदान किए जाएँ, ताकि वे कृषि कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और सिंगोली क्षेत्र में चक्काजाम भी करेंगे ।ज्ञापन समस्त ग्रामवासी रामपुरिया द्वारा कलेक्टर कार्यालय में प्रतिनिधि को सौंपा गया। ग्रामीणों ने कहा कि यह उनका हक है और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, वे संघर्ष जारी रखेंगे।

पहले टाउन हॉल के यहां श्रमदान कर की सफाई,

नीमच। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रारंभ किए गए देशव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार 25 सितंबर को नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 8 बजे टाउन हॉल के यहां स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विधायक दिलीपसिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत, स्वास्थ्य सभापति धर्मेश पुरोहित सहित नगर पालिका के पाषर्दगण, अधिकारी-कर्मचारी, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था, स्वच्छ भारत संस्था, डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी,सदस्यों व पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने हाथ में झाड़ू थाम कर टाउन हॉल परिसर व गांधी वाटिका के बाहर बालाजी मंदिर के आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। टाउन हॉल व गांधी वाटिका के बाहर सफाई अभियान चलाने के पश्चात श्रमदान करने वाले सभी श्रमदानी रैली के रूप में स्वच्छता की अलख जागते हुए लायंस चौराहा स्थित लायंस पार्क पहुंचे और वहां पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उपरोक्त कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, सत्यनारायण गोयल,श्री अशोक जोशी, श्री हेमंत हरित, श्रीमती हेमलता धाकड़, श्रीमती किरण शर्मा,श्रीमती रितु नागदा, स्वच्छ भारत संस्था के इंजीनियर बाबूलाल गौड़, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के श्री किशोर बागड़ी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।

एडीजी उमेश जोगा और डीआईजी निमिष अग्रवाल का दौरा

नीमच। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन उमेश जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज निमीष अग्रवाल 03 दिवसीय जिला नीमच के भ्रमण पर दिनांक 24.09.2025 को नीमच पहुँचें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल द्वारा जिला नीमच पहुँचनें पर आगामी त्यौहारों महाअष्टमी एवं दशहरा पर्व के दौरान कानून व्यवस्था को दृष्टिगत् रखते हुए जिलें के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली नवरात्रि स्थापना स्थलों एवं गरबा पांडालों में सीसीटीवी कैमरें लगाने, नवरात्रि स्थापना स्थलों पर 24 घन्टें वालेंटियरों की आवश्यक रूप से उपस्थिति रखने, विवादित स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाने, किसी भी विवाद की सूचना पर शिघ्र पुलिस बल के पहुँचनें, गरबा पांडालों एवं नवरात्रि स्थापना

स्थलों तथा हॉट स्पाटों पर निर्भया मोबाईलों का लगातार भ्रमण सुनिश्चित रखने एवं त्यौहारों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाने संबंधी निर्देश दिये गयें।

दिनांक 25.09.2025 को अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमिष अग्रवाल द्वारा अनुभाग मनासा के पुलिस थाना मनासा, पुलिस थाना कुकडेंश्वर एवं पुलिस थाना रामपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हवालात चैक कर हवालात में साफ-सफाई रखने, हवालातों के रोशनदान को बंद करने, हवालात के अन्दर बने शौचालय की साफ-सफाई, थानें में लगे सीसीटीवी कैमरों को लगातार चालु रखने एवं थाना क्षेत्र में घटित अपराधों एवं उनके निराकरण हेतु थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें।अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेष जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमिष अग्रवाल के अनुभाग मनासा के पुलिस थानों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

सत्रारंभ पर्व, उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

नीमच। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तर पर संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम अंतर्गत शिक्षण सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों का सत्रारंभ पर्व, उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजन आयुष विभाग सभाकक्ष नीमच में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथी श्री अशोक जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष जिला जन अभियान समिति, प्रो. डॉ संजय जोशी, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिला समन्वयक, परामर्शदाताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने स्वागत उदबोधन कर पाठयक्रम अंतर्गत संचालित बी.एस.डब्ल्यू एवं एम.एस.डब्ल्यू पाठयक्रम का विस्तृत परिचय देते हुए कोर्स की विशेषता, आवश्यकता एवं महत्व को बताया। श्री

अशोक जोशी ने अपने उदबोधन में कहा कि जन अभियान परिषद इस पाठयक्रम के माध्यम से युवाओं को समाज विकास के कार्यो का प्रशिक्षण देकर उन्हें युग परिवर्तन में मत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सशक्त कर रहा है। युवा सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने, स्वयं के विकास के साथ दूसरों का भी विकास करने एवं समाज की चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें।

डॉ. संजय जोशी ने कहा कि परिषद के नेटवर्क द्वारा समाज को स्वयंसेवी प्रयासों एवं जन सहयोग से नई दिशा देने एवं लोगो को स्वावलंबी व आत्मनिर्भ बनाने का उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है, जो कि प्रसंशनीय है। परामर्शदाताओं द्वारा विद्यार्थियों को पाठयक्रम संचालन के विविध आयाम, विषय चयन, परामर्शदाता प्रणाली, विद्याथी एप, सामाजिक प्रयोगशाला, ग्राम एवं वार्ड चयन, प्रयोगिक कार्य एवं इंटर्नशिप इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। संचालन लेखापाल पवन कुमरावत ने एवं आभार ताराचंद पाईवाल ने किया।

एक नजर भाजपा जिलाध्यक्ष, शिवशक्ति मठ के महंत, नपा उपाध्यक्ष व नगर मंडल अध्यक्ष सहित अन्य भी रहे उपस्थित

नीमच सिटी में विधायक व नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड व बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत बुधवार को सायं 4 बजे वार्ड क्रमांक 03 में मठ के सामने 13. 34 लाख की लागत से सीसी रोड का एवं वार्ड क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले योगी नाथ समाज शमशान की 8.38 लाख लागत वाली बाउंड्रीवाल का भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार व नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, शिव शक्ति मठ के महंत भास्करानंद जी गिरी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, नगर मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव की उपस्थिति में दोनों विकास कार्यों का भूमिपूजन कर नीमच

सिटी वासियो को 22 लाख से अधिक के विकास कार्यों की सौगात प्रदान की। कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष हेमलता धाकड़, पार्षद रामचंद्र धनगर श्रीमती किरण शर्मा श्री राकेश किलोरिया, श्री आलोक सोनी, श्री रूपेंद्र लोक्स, श्री दुर्गा शंकर भील, मंडल महामंत्री श्री दुर्गेश शर्मा, श्री अनिल माली, श्री हुसैन कारपेंटर आदि भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार व नपा अध्यक्ष चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्रजी मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहनजी यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश में चल रही जनहितेषि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास करते हुए गरीब वर्ग के आंसू पोंछने का काम कर रही है। विधायक व नपाध्यक्ष ने नीमच शहर में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही नीमच सिटी पुलिया से फव्वारा चौक तक डिवाइडरयुक्त टू लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा जिसकी शासन से स्वीकृत हो चुकी है। स्वागत भाषण पार्षद श्री रामचंद्र धनगर ने दिया। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश पप्पू मंगल ने किया व आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने व्यक्त किया।

इस दौरान नपा के पूर्व एल्डरमेन लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, एडवोकेट विनोद शर्मा, नाथ योगी समाज के अध्यक्ष शिवनाथ योगी, दिनेश योगी, मंगूभाई परमार, महेश चौधरी, पूर्व पार्षद मुरली कुंगर, भगवती प्रसाद कौशल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष उपस्थित थे।

जेएसजी उड़ान ग्रुप नीमच 407 द्वारा धार्मिक संस्कार शिविर संपन्न

नीमच। म.प्र.रीजन के ऊर्जावान अध्यक्ष श्री राहुल जी चपड़ोद के नेतृत्व में सितंबर माह की गतिविधि छोटे छोटे बच्चों में संस्कार निर्माण हेतु धार्मिक संस्कार शिविर के आयोजन को ध्यान में रखते हुए उड़ान ग्रुप 407 नीमच द्वारा धार्मिक संस्कार शिविर का आयोजन दिनांक 21.09.25 रविवार को महावीर जिनालय,जैन मंदिर, विकास नगर 14/2 नीमच पर आयोजित किया गया। शिविर में विद्वान साध्वी सोम्य प्रभा श्री जी म. सा. आदि ठाणा 4 द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डेढ़ घंटे तक चले इस शिविर में बच्चों ने क्या सिखा इसकी प्रस्तुति बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय रही। ग्रुप अध्यक्ष डॉ.एम.एल. जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं शिविर में सहयोग प्रदान करने वाले एवं उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। अंत में जैनम् जयती शासनम् के साथ शिविर का समापन किया गया।